मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: kamdhenu@kamdhenuispat.com, Website: www.kamdhenuispat.com, www.colourdreamz.com www.facebook.com/kamdhenuispatlimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–13, अंक–7, नवंबर 2013

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## कामधेनु इस्पात लिमिटेड के मुनाफ़े में इज़ाफा



देश में निर्माण सामग्री क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों में से एक कामधेनु इस्पात लिमिटेड लगातार सफलता की नई ऊँचाइयाँ छू रहा है। देश भर में कामधेनु उत्पादों को मिल रही स्वीकार्यता और सफलता की वजह से इनकी बाज़ार हिस्सेदारी बढ़ती जा रही है।

हाल में वैश्विक मंदी और खासतौर से निर्माण सेक्टर में मंदी के असर के मद्देनज़र बाज़ार का माहौल अनुकूल न होने पर भी उपभोक्ताओं की पहली पसंद बन चुके कामधेनु उत्पादों की माँग में लगातार बढ़त देखने को मिल रही है। कामधेनु उत्पादों की बढ़ती माँग से कंपनी का मुनाफ़ा भी बढ़ा है जिसकी झलक हाल ही में जारी कंपनी के तिमाही नतीज़ों में भी देखने को मिली है।

कंपनी ने 30 सितम्बर 2013 को खत्म तिमाही के दौरान पिछले साल की इसी तिमाही के मुकाबले अपने मुनाफे में 40% की उछाल दर्ज की है। जारी नतीजों के अनुसार 30 सितम्बर 2013 को खत्म तिमाही के दौरान कंपनी का मुनाफा पिछले साल की समान अवधि के 100.38 लाख रुपये से बढ़कर 140.05 लाख रुपये हो गया।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल ने द्वितीय तिमाही में कंपनी के प्रदर्शन पर संतोष जताते हुए अगली तिमाही और बेहतर होने की उम्मीद जताई है।

तिमाही नतीज़ों का विश्लेषण करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा, "देश के स्टील उद्योग में सुस्त विकास और अनिश्चित माहौल को देखते हुए द्वितीय तिमाही के नतीजे उम्मीद के मुताबिक हैं। एक बार फिर हमारे पेंट सेगमेंट ने प्रभावशाली विकास दर दर्ज की है। उम्मीद है कि निकट भविष्य में बाज़ार का माहौल सुधरेगा और कंपनी के मुनाफ़े में तेज बढ़त आएगी। साथ ही ग्राहकों से बेहतर प्रतिक्रिया मिलने की उम्मीद है, जिसकी कंपनी हमेशा सराहना करती है।"

# भारत रत्न – सचिन तेंदुलकर





अपने 24 साल के गौरवशाली अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट जीवन को अलविदा कहने के कुछ ही घंटे बाद राष्ट्रपति भवन से सचिन को भारत रत्न दिये जाने की घोषणा ने उनके करोड़ो प्रशंसकों को अदभुत खुशी पहुँचाई।

लंबे समय से सचिन के लिये भारत रत्न की माँग हो रही थी और इसके लिये देश के इस सर्वोच्च सम्मान के पात्रता नियमों में पिछले साल परिवर्तन कर के खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया था। क्रिकेट के अधिकतर रिकार्ड अपने नाम करने वाले देश के दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पदम विभूषण से सम्मानित सचिन के नाम अब प्रथम भारत रत्न खिलाड़ी होने का गौरव भी जुड़ गया है।

इस सम्मान को पाकर सचिन अब भारत के 41 अतिविशिष्ट व्यक्तियों की जमात में शामिल हो गये हैं। खेल की दुनिया में भारत के सच्चे राजदूत सचिन की उपलब्धियाँ अतुलनीय है वहीं उनकी खेलभावना और मानवीय गुण अनुकरणीय हैं। एक आदर्श व्यक्तित्व के धनी सचिन खिलाड़ी के अलावा, एक पुत्र, भाई, शिष्य या दोस्त के तौर पर भी हमें प्रेरणा देते हैं।

## रासायन विज्ञान के रत्न को मिला भारत रत्न



रसायनशास्त्र क्षेत्र के अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक प्रो0 चिंतामणि नागेसा रामचंद्र राव, सी वी रमण और पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के बाद भारत रत्न से नवाज़े गये देश के तीसरे वैज्ञानिक हैं।

सॉलिड स्टेट एंड मटीरियल के विशेषज्ञ प्रो0 राव ने पदार्थ के गुणों और उनकी आण्विक संरचना के बीच बुनियादी समझ विकसित करने में अहम भूमिका निभाई है। अब तक उनकी 45 पुस्तकों और 1400 अनुसंधान पत्रों का प्रकाशन हो चुका है।

विश्व की कई बड़ी वैज्ञानिक अकादमियों द्वारा फेलोशिप और सदस्यता से सम्मानित प्रो0 राव न केवल बेहतरीन रसायनशास्त्री हैं बल्कि उन्होंने देश की वैज्ञानिक नीतियों को बनाने में भी अहम भूमिका निभाई है। वह सन 1985 में पहली बार और 2005 में दूसरी बार भारत के प्रधानमंत्री की वैज्ञानिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष चुने जा चुके हैं जिस पद पर वे संप्रति कार्यरत हैं।

## विक्रमादित्य बना नौसेना की शान



समुद्री सुरक्षा में चीन और पाकिस्तान से मिल रही चुनौतियों के बीच आईएनएस विक्रमादित्य के भारतीय बेडे में शामिल होने से देश को एक बड़ी रणनीतिक बढ़त मिली है। तीन तरफ से समुद्र से घिरे भारत की नौसेना को इस विमानवाही जंगी जहाज की जरुरत काफी अरसे से थी।

2.3 अरब डालर में रुस से खरीदे गये विक्रमादित्य का अरब सागर स्थित भारत के करवार समुद्री अड्डे तक पहुचने के लिये सफर जारी हो चुका है। दो माह की इस समुद्र यात्रा के दौरान इस युद्धपोत की सुरक्षा के लिये कई दुसरे लड़ाकू जहाज भी साथ चल रहे हैं। साथ ही 284 मी0 लंबे विक्रमादित्य पर मिग–29 विमानों के अलावा समुद्र की निगरानी करने वाले हेलीकॉप्टर भी तैनात हैं।

मिग–29 विमान की तैनाती के साथ, एंटी शिप मिसाइल और आँख से न दिखने वाली हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की तैनाती से सुसज्जित विक्रमादित्य भारतीय नौसेना की क्षमता को नई बुलंदियों तक तक पहुँचा रहा है।

# कामधेनु SS10000 की बढ़ी जागरुकता



भारत के निर्माण क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी कामधेनु इस्पात लि0 द्वारा कंपनी के नवीनतम प्रीमियम उत्पाद कामधेनु SS10000 के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिये पंजाब के पटियाला ज़िले के समाना शहर में उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 28 अक्टूबर को आयोजित इस कार्यक्रम में 200 से अधिक ठेकेदारों व राजमिस्त्रियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में इस क्षेत्र के जाने माने आर्किटेक्ट ने भी शिरकत की।

श्री वी के गहलोत, सीनियर जी एम, श्री हिमांशु शर्मा, मार्केटिंग, श्री शैलेन्द्र उपाध्याय, मार्केटिंग, श्री संजय शर्मा, क्वालिटी सहित कामधेनु के कई अधिकारी इस जागरुकता कार्यक्रम में शामिल हुये। वर्धमान इस्पात उद्योग के डिस्ट्रीब्यूटर श्री सुबोध सिंगला तथा मैसर्स भारत बिल्डिंग मैटेरियल, समाना के श्री बलबीर सिंह व श्री करमजीत सिंह भी कार्यक्रम में पूरे समय उपस्थित रहे।

श्री वी के गहलोत ने कार्यक्रम के दौरान सबको संबोधित करते हुए कहा, "कामधेनु SS10000 एक खास तरह का उत्पाद है और यह स्टील उद्योग में एक नयी और क्रांन्तिकारी पहल है। डबल रिब्स वाला यह उत्पाद 10000 psi की मजबूती देता है और इसकी सबसे बड़ी खूबी है कंक्रीट पर इसकी बेहतरीन पकड़ जो कि साधारण सरियों के मुकाबले ढ़ाई गुणे से भी अधिक है। 500 D श्रेणी का यह उत्पाद भारत के साथ–साथ अंतर्राष्ट्रीय क्वालिटी मानकों पर भी खरा उतरता है।"

श्री हिमांशु शर्मा व श्री शैलेन्द्र उपाध्याय ने कार्यक्रम के दौरान आर्किटेक्ट और ठेकेदारों के सवालों के सटीक तथा ज्ञानवर्द्धक जवाब दिये।

# देवघर में दो–दिवसीय डीलर मीट

भारत भर में बैद्यनाथधाम के नाम से प्रसिद्ध झारखंड के देवघर ज़िले में कामधेनु इस्पात लि0 ने दो–दिवसीय डीलर मीट का सफल आयोजन किया। इस मीट में कामधेनु के जी एम मार्केटिंग, श्री वाई आर पंडिता के अलावा श्री अखिलेश सिंह, मैनेजर दादीजी स्टील, श्री सुरेन्द्र कुमार, मार्केटिंग अधिकारी दादीजी स्टील और श्री विकास, मार्केटिंग अधिकारी कामधेनु इस्पात लि0 भी शामिल हुये।

कार्यक्रम के प्रथम दिन मैसर्स एस के इन्टरप्राइजेज के डिस्ट्रीब्यूटरशिप के अंतर्गत मुंगेर, बांका, जमुई व जमालपुर के करीब 30 डीलरों की इस मीट के लिये उपस्थिति हुई। मैसर्स एस के इन्टरप्राइजेज के निदेशक श्री संजय खेतान व श्री पंकज खेतान भी कार्यक्रम में शामिल हुये। कार्यक्रम के दौरान चालु वित्तवर्ष के पहली छमाही नतीजों का मुल्यांकन हुआ और अगले 6 महीनों के लक्ष्य तय किये गये।

अगले दिन डीलर मीट में मैसर्स अभिषेक इन्टरप्राइजेज, सूरजगढ़ के डिस्ट्रीब्यूटरशिप के अंतर्गत लखीसराय के सभी डीलर शामिल हुये। डिस्ट्रीब्यूटर श्री शंकर अग्रवाल भी कार्यक्रम में मौजूद थे। कंपनी के अधिकारियों ने बीती छमाही की उपलब्धियों की समीक्षा करते हुये डीलरों के साथ लक्ष्य पर चर्चा की। मीट में आये सभी डीलरों को उपहार दिये गये।






## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

श्री अजय बंसल
**मैसर्स बंसल सीमेंट स्टोर**
मेहल कलाँ, जिला बरनाला
मो. – 01679–255582,
094634 62282

श्री सनी गर्ग
**मैसर्स गणेश ट्रेडर्स**
परवानु
हिमाचल प्रदेश – 173220
मो. – 09418100146

श्री संजीव
**मैसर्स रंगोली पेंट हाउस**
175, सिविल लाइन्स,
बिजनौर, उ.प्र.
मो. – 09411943861

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2012-14
Production Date: 26.11.2013


# कामधेनु पेंट ने बिखेरे खुशियों के रंग






भारत में सजावटी पेंट के क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों में शुमार कामधेनु पेंट विभिन्न बाज़ारों में लगातार अपने पैर जमाते हुये महत्वपूर्ण बाज़ार हिस्सेदारी पाने में कामयाब रही है। कामधेनु पेंट अपने व्यावसायिक सिद्धांतों के मुताबिक अपने डीलरों को महत्वपूर्ण सहयोगियों के रुप में देखती है और उपभोक्ताओं तक पहुँच और बाज़ार में पैठ बनाने में अपने डीलरों की भूमिका की सराहना करती रही है।

समय–समय पर कामधेनु पेंट के सक्रिय सेल्स व मार्केटिंग डिवीजन, डीलरों के लिये कई पुरस्कार और उपहार योजनायें निकालते रहते हैं। इसी प्रकार की एक योजना के तहत अक्टूबर महीने में सैमसंग मोबाइल फोन वीकली ऑफर शुरु की गई, जिसमें रायपुर डिपो, छत्तीसगढ़ के डीलर मेसर्स सोनू हार्डवेयर ने भी एक–एक सैमसंग नोट–2 व सैमसंग ग्रैण्ड मोबाइल फोन ईनाम के रुप में हासिल किया।

मेसर्स सोनू हार्डवेयर के डीलर श्री के लक्ष्मीकांत ने सपत्नी ईनाम के दोनों फोन को रायपुर डिपो के श्री रामजी शर्मा से प्राप्त किया। इस योजना के तहत देश के विभिन्न हिस्सों के डीलर प्रति सप्ताह ये फोन जीत रहे हैं।

इसी बीच जारी त्योहारों के मौसम में दिल्ली के डीलरों के अच्छे प्रयास और परिणामों की सराहना करते हुये कामधेनु पेंट ने दिल्ली के डीलरों के लिये सुपरहिट फिल्म कृष 3 की विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया। ह्रतिक रोशन स्टारर इस सुपरहीरो फिल्म की खास स्क्रीनिंग 7 नवंबर को शाम 7.30 से पीवीआर प्लाज़ा, कनॉट प्लेस में की गई, जिसमें कामधेनु पेंट के 200 डीलरों ने अपने परिवार के साथ फिल्म का मज़ा लिया।

इस खास स्क्रीनिंग में मेसर्स सूरजभान रामविलास, नरेला, मेसर्स पवन पेंट, नरेला, मेसर्स नरुला पॉट, ख़ान मार्केट और मेसर्स गुप्ता पेंट एंड हार्डवेयर स्टोर, नज़फगढ़ सहित कई टॉप डीलर शामिल हुए।

श्री संदीप तनेजा (डीएसएम–दिल्ली) के नेतृत्व में श्री नवदीव सिंह (डीएसएम–दिल्ली) और श्री नितिन गोस्वामी सहित कंपनी की दिल्ली सेल्स टीम के कई अधिकारी आमंत्रित डीलरों का साथ देने फिल्म स्क्रीनिंग में उपस्थित हुए। एक मनोरंजक शाम का पूरी तरह आनंद लेने के बाद श्री तनेजा ने डीलरों को सहयोग के लिये धन्यवाद दिया।



Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com